आज का दिन 1919 में कूचबिहार रियासत की राजकुमारी और जयपुर राजघराने की राजमाता गायत्री देवी का लंदन में जन्म हुआ।

झलक

सेंसेक्स



-35.00 ↑ अंक मई

निफ्टी



-21.00 ↑ अंक मई

डॉलर



-00.07 ↑ रुपये/डॉलर मई

सोना



-5.00 ↑ रुपये मई

टॉप गेनर
डॉ. रेड्डीज लैब

कल का बंद	2013.75
पिछला बंद	1894.35

टॉप लूजर
टीसीएस

कल का बंद	3508.65
पिछला बंद	3557.95

शेयरों के ताजा भाव के लिए देखें www.livehindustan.com

फंसे कर्ज पर आरबीआई की सख्ती का देश के सबसे बड़े बैंक के वित्तीय प्रदर्शन पर भी असर पड़ा

स्टेट बैंक के घाटे में तीन गुना बढ़ोतरी

झटका

नई दिल्ली | एजेंसी

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) को वित्त वर्ष 2017-18 की चौथी तिमाही में 7718.17 करोड़ रुपये का भारी घाटा हुआ है। यह पिछली तिमाही के मुकाबले तीन गुना से ज्यादा है। अक्तूबर से दिसंबर 2017 को समाप्त तीसरी तिमाही में बैंक को 2,416.37 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। जबकि 2016-17 की आखिरी तिमाही में बैंक ने 2,814.82 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। बैंक ने शेयर बाजार को मंगलवार को यह जानकारी दी। पंजाब नेशनल बैंक के बाद किसी सरकारी बैंक को होने वाला यह सबसे बड़ा घाटा है। पीएनबी को पिछले वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही में 13 हजार 417 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। जानकारी के अनुसार, इस तिमाही में बैंक का सकल एनपीए बढ़कर कर्ज के 10.91 प्रतिशत के बराबर हो गया है।

एनपीए 2.23 लाख करोड़ पहुंचा: 31 मार्च 2018 तक एसबीआई का सकल एनपीए (फंसा कर्ज) दो लाख 23 हजार करोड़ रुपये पहुंच गया है। जबकि एक साल पहले यह एक लाख 22 हजार करोड़ रुपये था।

खराब नतीजों के बाद भी शेयर बढ़े: तिमाही नतीजों की घोषणा के बावजूद एसबीआई का शेयर मंगलवार को 3.86 फीसदी बढ़कर 254 पर पहुंचा। हालांकि वर्ष 2018 में बैंक का शेयर करीब 21 फीसदी गिरा है।

कई सहायक कंपनियों में हिस्सेदारी बेचेगा बैंक: एसबीआई अगले दो साल में अपनी कुछ सहायक कंपनियों में हिस्सेदारी बेचेगा। बैंक की योजना एसबीआई जनरल इंश्योरेंस, एसबीआई कार्ड और एसबीआई कैपिटल मार्केट में अपनी हिस्सेदारी बेचने की है। घाटे पर उन्होंने कहा कि पिछले साल हमने एसबीआई में छह बैंकों का विलय पूरा किया। विलय के बाद यह पहला साल है। इस तरह से यह सिर्फ एसबीआई का नहीं, सातों बैंकों का प्रदर्शन है।

ग्राहकों की मुश्किलें

- उपभोक्ताओं को कर्ज मिलने में कठिनाई आएगी, खासकर खुदरा कर्ज
- घाटे की भरपाई को बैंक बढ़ा सकता है उधारी दर, जमा पर ब्याज में कमी संभव
- सरकारी बैंकों का ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में सेवा विस्तार धीमा होगा
- ऋण पर अंकुश से लघु और मझोले उद्योगों को पूंजी की कमी होगी

इसलिए बढ़ रहा है घाटा

- वसूली में फंसा कर्ज और वेतन बढ़ने से सरकारी बैंकों का नुकसान बढ़ा
- आरबीआई के कठोर एनपीए नियमों का का बैलेंस शीट पर असर पड़ा
- सरकारी योजनाओं के संचालन से भी बैंकों का खर्च काफी बढ़ा

7718 करोड़ रुपये का नुकसान 2017-18 की आखिरी तिमाही में

2416.37 करोड़ रुपये का नुकसान था तीसरी तिमाही में बैंक को

11 सरकारी बैंक घाटे और एनपीए से जूझ रहे, आरबीआई ने सख्ती की

एसबीआई के चेयरपर्सन रजनीश कुमार प्रेस कान्फ्रेंस में • प्रेट्र

सरकारी बैंकों की हालत खराब होने पर सरकार मदद देती है। ऐसे में करदाता के पैसों का इस्तेमाल बैंकों की खस्ता हालत सुधारने में होता है। अगर बैंक मजबूत हों तो यह रकम स्कूल, सड़क और बुनियादी ढांचे को सुधारने में खर्च होगी। -अशोक झा, पूर्व वित्त सचिव

वित्त वर्ष 2017-18 बैंकों के लिए कठिन समय रहा है और एसबीआई अपवाद नहीं है। घाटे का यह आंकड़ा बड़ा लग सकता है, लेकिन आगे हमें मजबूती मिलेगी। हम खराब कर्ज के बुरे दौर को पीछे छोड़ चुके हैं। -रजनीश कुमार, एसबीआई चेयरमैन

बैंकों का घाटा (रुपये में)

ओरियंटल बैंक	1650 करोड़
देना बैंक	1225 करोड़
यूको बैंक	2134 करोड़
इलाहाबाद बैंक	3509 करोड़
पीएनबी	13,417 करोड़
केनरा	4860 करोड़

चीन में भारतीय कारों की बिक्री बढ़ेगी

बीजिंग | एजेंसी

चीन ने एक जुलाई से वाहनों और वाहनों के कलपुर्जे पर आयात शुल्क घटाने की घोषणा की है। इससे विदेशी गाड़ियां सस्ते दाम पर उपलब्ध होंगी। चीन के वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को यह घोषणा की।

व्यापार को लेकर अमेरिका से चल रही कड़वाहट कम करने को चीन ने यह कदम उठाया है। हालांकि इसका लाभ भारतीय वाहन कंपनियों को भी मिलेगा। टाटा मोटर्स और अन्य वाहन कंपनियों के शेयरों में मंगलवार को भी तेजी देखी गई। मंत्रालय ने कहा कि कार आयात के मामले में 135 उत्पादों पर लगने वाले 25 फीसदी के आयात शुल्क और चार उत्पादों पर लगने वाले 20 फीसदी के आयात शुल्क को एक जुलाई से घटाकर 15 फीसदी कर दिया जाएगा। मंत्रालय के अनुसार, वाहनों के कलपुर्जों के 79 उत्पादों पर लगने वाले आठ, दस, 15, 20, और 25 प्रतिशत तक के आयात शुल्क को घटाकर छह प्रतिशत किया जायेगा।

उम्मीद

- चीन वाहनों पर दस फीसदी घटाएगा आयात शुल्क
- अमेरिका से तनाव करने की कोशिश में है चीन

हुंदै की कारें दो प्रतिशत महंगी

नई दिल्ली। हुंदै मोटर इंडिया के विभिन्न मॉडलों के दाम जून से दो प्रतिशत तक बढ़ जाएंगे। हालांकि हाल में पेश एसयूवी क्रेटा के दाम नहीं बढ़ाए जाएंगे। उत्पादन लागत बढ़ने की वजह से कंपनी को यह कदम उठाना पड़ रहा है।

फिलहाल हुंदै प्रवेश स्तर की इयॉन से लेकर एसयूवी टूसॉं तक बेचती है। हुंदै के निदेशक बिक्री एवं विपणन राकेश श्रीवास्तव ने कहा कि इयॉन की दिल्ली शोरूम में कीमत 3.3 लाख रुपये है, टूसॉं का दाम 25.44 लाख रुपये है।

एयर इंडिया की बिक्री पर संशय

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की एयरलाइन एयर इंडिया के लिए यदि उचित कीमत नहीं मिलती है, तो सरकार शायद इसे नहीं बेचेगी। नागर विमानन सचिव आरएन चौबे ने मंगलवार को यह बात कही।

उन्होंने कहा कि सरकार के पास यह अधिकार है कि वह एयर इंडिया को बेचे या नहीं बेचे। यदि बोली का मूल्य उचित नहीं होता है तो सरकार इसे नहीं बेचने का फैसला कर सकती है। एयर इंडिया के लिए रुचि पत्र भेजने की अंतिम तारीख 31 मई है। चौबे ने बताया कि आग्रह प्रस्ताव 15 जून के बाद जारी किया जाएगा।

यह भी जानें

दिवाला कंपनी के मुद्दे निपटाती है एनसीएलटी

राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) एक अर्ध न्यायिक निकाय है, जो भारतीय कंपनियों से जुड़े मुद्दों पर निर्णय करता है। एनसीएलटी की स्थापना कंपनीज एक्ट 2013 के तहत की गई और एक जून 2016 को इसके गठन की अधिसूचना जारी की गई। इराडी समिति की सिफारिश पर गठित एनसीएलटी का मुख्य कार्य दिवालिया हो रही या संकटग्रस्त कंपनियों से जुड़े मामलों का निपटारा करना है। एनसीएलटी की देश भर में 11 शाखाएं हैं, इसमें दो नई दिल्ली में हैं। कंपनी ने दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता के तहत कई बड़ी संकटग्रस्त कंपनियों की देनदारियां संबंधी मुद्दे निपटाए हैं।

बिजनेस आपतक

बिना शुल्क ईएमआई देगा पेटीएम मॉल

नई दिल्ली। पेटीएम मॉल बिना किसी शुल्क की ईएमआई, उपकरण बीमा, ज्यादा वारंटी और इनके ऑनलाइन व ऑफलाइन स्टोर्स द्वारा आसान एक्सचेंज की सुविधा मिलेगी। इसका लक्ष्य अपने पार्टनर रिटेल स्टोर्स के लिए सकल राजस्व में 25% से अधिक वृद्धि हासिल करना है।

अवीवा ने उतारा सबसे सस्ता टर्म प्लान

नई दिल्ली। अवीवा ने 'अवीवा आई-टर्म स्मार्ट' के नाम से सबसे सस्ता टर्म प्लान पेश किया है। इसके साथ गंभीर बीमारी और अक्षमता से जुड़ा राइडर भी मिलेगा। इसका न्यूनतम प्रीमियम 3,861 रुपये है।

साधारण बीमा कंपनियों के विलय को सलाहकार

नई दिल्ली। तीन साधारण बीमा कंपनियों के विलय के बारे में सुझाव देने के लिये सरकार जल्द ही एक सलाहकार की नियुक्ति करेगी। एक कंपनी के शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

इंडियन ऑयल का मुनाफा 40 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। इंडियन ऑयल के मार्च तिमाही के शुद्ध मुनाफा में 40 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 5,218 करोड़ रुपये पहुंच गया है। पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही यह लाभ 3,720.62 करोड़ रुपये था। कंपनी ने प्रदर्शन लगातार सुधरा है।

सेंसेक्स पांच दिन में 940 अंक गिरने के बाद संभला

मुंबई | एजेंसी

शेयर बाजार में मंगलवार को कारोबार में पांच दिन से जारी गिरावट थम गई और बंबई शेयर बाजार का सूचकांक 35 अंक बढ़कर 34,651.24 अंक पर बंद हुआ। पिछले पांच सत्रों में सेंसेक्स 940 अंक लुढ़का था।

कारोबारियों ने मंगलवार को वाहन, धातु, बैंकिंग और रियल्टी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी की। बंबई शेयर बाजार का 30- शेयरों पर आधारित सेंसेक्स कारोबार शुरुआत में ऊंचा खुलकर जल्द ही 34,754.60 अंक की ऊंचाई तक पहुंच गया और उसके बाद इसमें खरीदारी-बिकवाली का दौर चलने से उतार-चढ़ाव देखा गया। कारोबार की समाप्ति पर यह 35.11 अंक ऊंचा रहकर 34,651.24 अंक पर बंद हुआ। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में संवेदी सूचकांक 940.58 अंक गिर चुका है। वैश्विक बाजारों के हतोत्साहित करने वाले संकेतों और कर्नाटक में राजनीतिक अनिश्चितता के चलते निवेशकों ने अपने सौदों को निपटाना बेहतर समझा। उधर, एशियाई बाजारों में कारोबार की समाप्ति पर मंगलवार को मिलाजुला रुख रहा। अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक तनाव कम होने की खबरों से अमेरिकी शेयर बाजारों का प्रदर्शन अच्छा रहा। कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव कम होने से भी वैश्विक बाजार में तेजी है।

शेयर बाजार

- वाहन, बैंकिंग और धातु शेयरों की खरीदारी में रुचि बढ़ी
- अमेरिका-चीन में तनाव कम होने से प्रदर्शन अच्छा रहा

सोने में मामूली बढ़ोतरी, चांदी 340 रुपये चमकी

मजबूत वैश्विक रुख के बीच घरेलू आभूषण कारोबारियों की लिवाली से मंगलवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने का भाव मामूली 5 रुपये बढ़कर 31,880 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। इसी के साथ पीली धातु में जारी गिरावट थम गई। वहीं, मंगलवार को चांदी फिर से 41,000 रुपये के स्तर को पार कर गई। सिक्का निर्माताओं के उठाव बढ़ाने से चांदी 340 रुपये सुधरकर 41,100 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। दिल्ली में 99.9 प्रतिशत तथा 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना पांच-पांच रुपये बढ़कर क्रमशः 31,880 और 31,730 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया।

स्टार्टअप की संख्या में 10 गुना इजाफा

नई दिल्ली | एजेंसी

रोजगार के अवसरों में वृद्धि करने के लिए स्टार्टअप्स से जुड़े नियमों में सरकार बड़े बदलाव किए। इसकी मदद से पिछले वित्त वर्ष में करीब 10 गुना ज्यादा स्टार्टअप को मान्यता प्रमाण पत्र दिए गए।

दरअसल, पहले स्टार्टअप को मान्यता प्रमाण पत्र देने में 15 दिन का समय लगता था, जिसे सरकार ने घटाकर चार दिन कर दिया है। यानी अब किसी भी स्टार्टअप को महज चार दिनों के भीतर मान्यता प्रमाण पत्र दिया जा सकेगा। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि सरकार की प्रतिबद्धता युवाओं को रोजगार देने की है और इसके लिए स्वरोजगार को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। समय-समय पर सरकार संबंधित नियमों और प्रक्रियाओं की समीक्षा करती है और इनमें सुधार करती है। सरकार ने स्टार्टअप शुरू करने की प्रक्रियाओं में भी बदलाव किया है, जिसके तहत नए उद्यमों की पंजीकरण प्रकिया का समय घटाया गया है। नए बदलावों के परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2017-18 में करीब आठ हजार स्टार्टअप्स को मान्यता दी गई, जो 2016-17 में महज आठ सौ के आसपास थी।

आईटी के सबसे ज्यादा स्टार्टअप

मान्यता प्राप्त करने वाले सबसे ज्यादा स्टार्टअप आईटी से जुड़े हैं। इनकी संख्या 15 प्रतिशत है, जबकि नौ प्रतिशत स्वास्थ्य सेवाओं एवं जीवन विज्ञान क्षेत्र से, सात प्रतिशत शिक्षा क्षेत्र, छह प्रतिशत प्रोफेशनल एवं वाणिज्यिक सेवाओं और चार प्रतिशत स्टार्टअप्स कृषि क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। स्टार्टअप्स के कुल निदेशकों में से 35 प्रतिशत निदेशक महिलाएं हैं। स्टार्टअप्स के लिए 19 सूत्री कार्य योजना जनवरी 2016 में शुरू की गई थी।

रिलायंस कंपनी एनसीएलएटी में

नई दिल्ली। स्वीडिश कंपनी एरिक्सन की दिवाला प्रक्रिया शुरू करने को एनसीएलटी से मंजूरी पर रिलायंस कम्युनिकेशंस ने राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) का दरवाजा खटखटाया है।

रिलायंस की याचिका पर अगले सप्ताह में सुनवाई की उम्मीद है। कंपनी ने कहा है कि एलसीएलटी की मुंबई शाखा ने 15 मई को जो आर्डर दिया है उसके स्थगन के लिए रिलायंस टेलिकॉम और रिलायंस इंफ्राटेल ने एलसीएलएटी में याचिका दायर की है।

राज्यों के भीतर ई-वे बिल तीन जून से अनिवार्य

नई दिल्ली | एजेंसी

राज्यों के भीतर ही सामान की आवाजाही के लिए ई-वे बिल प्रणाली तीन जून से देश भर में अनिवार्य होगी। केंद्र ने एक अप्रैल से एक राज्य से दूसरे राज्य में यह प्रणाली लागू की थी। वहीं राज्यों के भीतर बिल 15 अप्रैल से लागू होना था।

अभी तक 20 राज्यों और संघ शासित प्रदेशों ने राज्य के भीतर सामान की आवाजाही के लिए ई-वे बिल को अनिवार्य किया है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड की अध्यक्ष वनजा सरना ने कहा है कि राज्य ई-वे बिल की अधिसूचना जल्द से जल्द जारी करें।

तैयारी

- केंद्र ने राज्यों से अधिसूचना जल्द जारी करने को कहा
- अभी तक 20 राज्यों और संघ शासित प्रदेशों ने लागू किया

हार्ले डेविडसन के सह-संस्थापक की पड़पोती केरन डेविडसन कोलकाता की सड़कों पर उतरीं

केरन महिलाओं में लग्जरी बाइक का क्रेज बढ़ा रहीं

चर्चा में चेहरा

कोलकाता | [illegible]

लग्जरी बाइक हार्ले डेविडसन की पुरुषों में दीवानगी तो जुनून की हद तक है, लेकिन महिलाओं में इसकी धाक जमाने के लिए केरन डेविडसन ने कमान संभाल ली है। केरन हार्ले डेविडसन के सह-संस्थापक विलियम डेविडसन की पड़पोती हैं।

केरन सोमवार को कोलकाता की सड़कों पर बाइक चलाती नजर आईं। कोलकाता में बाइक से जुड़े पोशाकों का पहला स्टोर खोलने के बाद केरन ने कहा कि उनका मकसद महिलाओं में इसका जुनून को बढ़ाने का है, ताकि यह न कहा जाए कि महिलाएं जोखिम के साथ रोमांच से भर देने वाली चीजों से दूर रहती हैं। अमेरिका की तुलना में महिला बाइकर्स की भारत में संख्या बहुत ही कम है।

लेडीज ऑफ हार्ले अभियान चलाएंगी: केरन महिलाओं को जागरूक करने के लिए 'लेडीज ऑफ हार्ले' अभियान चलाएंगी। हार्ले डेविडसन ने ब्रांडेड कपड़ों के बाजार में भी कदम बढ़ाया है। इसके पीछे केरन डेविडसन का रचनात्मक दिमाग काफी अहमियत रखता है।

महिलाओं की संख्या कम

20 हजार हार्ले डेविडसन बाइक अभी देश की सड़कों पर है

200 महिलाएं ही भारत में हार्ले डेविडसन बाइक चलाती हैं

नौ साल की उम्र से शुरू बाइक चलाने लगी

केरन ने कहा कि उन्होंने महज नौ साल की उम्र से बाइक चलाना शुरू कर दिया था। उन्हें हार्ले डेविडसन की रोड किंग बाइक चलाना बेहद पसंद है। केरन 1985 से ही खानदानी पेशे से जुड़ी हैं। उन्होंने फैशन डिजाइन ऑफ कॉलेज से फाइन आर्ट्स में पढ़ाई की है। उन्होंने हार्ले डेविडसन के बिक्री विभाग में क्रिएटिव डायरेक्टर का पद संभालते ही बाइक से जुड़ी पोशाकों, एसेसरीज में बड़ा बदलाव किया। आज इसकी बिक्री दस गुना बढ़ चुकी है।

mint

न्यूयॉर्क एक्सचेंज में पहली महिला प्रमुख बनीं स्टेसी

न्यूयॉर्क। न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज (एनवाईएसई) के 226 साल के इतिहास में पहली बार कोई महिला एक्सचेंज की प्रमुख बनने जा रही है। एनवाईएसई ट्रेडिंग फ्लोर पर क्लर्क के रूप में अपने करियर की शुरुआत करने वाली स्टेसी कनिंघम एक्सचेंज की 67 वीं अध्यक्ष होंगी। इस समय एनवाईएसई ग्रुप की मुख्य परिचालन अधिकारी कनिंघम शुक्रवार से एनवाईएसई की अध्यक्ष बनेंगी। एनवाईएसई के मौजूदा अध्यक्ष थॉमस फार्ले एक्सचेंज छोड़ रहे हैं। वह एक विशेष अधिग्रहण कंपनी के प्रमुख पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज दुनिया के सबसे पुराने शेयर बाजारों में एक है। आज पूंजीकरण के मामले में यह सबसे बड़े शेयर बाजारों में एक है। (एजेंसी)

www.dlf.in

DLF

31 मार्च, 2018 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का सारांश

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष	
		31.03.2018 (अंकेक्षित)	31.12.2017 (समीक्षित)	31.03.2017 (अंकेक्षित)	31.12.2018 (अंकेक्षित)	31.03.2017 (अंकेक्षित)
1	प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध)	1,845.92	1,855.21	2,511.37	7,663.71	8,940.51
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व विशेष एवं असाधारण मद तथा सहयोगियों और संयुक्त उद्यम में (हानि का हिस्सा)	(124.78)	(171.70)	117.98	(149.86)	600.26
3	कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ (असाधारण मदों के पश्चात) तथा सहयोगियों और संयुक्त उद्यम में (हानि का हिस्सा)	71.22	8,397.64	212.05	8,815.46	1,029.52
4	अवधि के लिए शुद्ध लाभ (कर पश्चात तथा असाधारण मद)	243.26	4,111.95	142.66	4,476.79	707.99
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय	239.72	4,121.02	135.83	4,488.87	694.17
6	प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य ₹ 2/– प्रति शेयर)	356.81	356.81	356.80	356.81	356.80
7	अन्य इक्विटी (लंबित शेयर वारंट सहित)				34,953.63	24,216.03
8	प्रति शेयर अर्जन (₹ 2/–प्रति शेयर के (वार्षिकीकृत नहीं)					
i)	मूल ईपीएस (₹)	1.39	22.93	0.76	25.02	3.89
ii)	तनुकृत ईपीएस (₹)	1.13	22.76	0.76	23.62	3.89

1. उपरोक्त समेकित वित्तीय परिणामों को लेखा समिति द्वारा समीक्षा उपरान्त निदेशक मंडल ने 21 मई, 2018 को आयोजित अपनी बैठक में अनुमोदित किया है और कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा समीक्षा की गई है। 31 मार्च, 2018 के अंतिम तिमाही के आंकड़े पूर्ण वित्तीय वर्ष के लिए लेखापरीक्षित आंकड़ों के मध्य संतुलन आंकड़े हैं तथा अनांकेक्षित प्रकाशित वर्ष 31 दिसम्बर,2017 तक के आंकड़े वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही के अंत तिथि होने के तहत सीमित समीक्षा में थे।
2. कंपनी अधिनियम की धारा 133, 2013 में निर्दिष्ट समेकित वित्तीय परिणाम भारतीय लेखा मानकों 2015 के संशोधित नियम के तहत अधिसूचना अनुसार वित्तीय परिणाम तैयार किए गए हैं। उपरोक्त वित्तीय परिणाम कंपनी डीएलएफ ("द कंपनी"), इसकी सहायक कंपनी (एक साथ समूह के रूप में संदर्भित) साझेदारी फर्मों, संयुक्त संचालन और संयुक्त उद्यम और सहयोगियों के परिणाम में इसका हिस्सा तैयार करते हुए इंड एएस 110 के अनुसार समेकित वित्तीय विवरण और इंड एएस 28-एसोसिएट्स एंड जॉइंट वेंचर्स में निवेश है, प्रतिनिधित्व करते हैं।
3. 31 मार्च, 2018 को समाप्त तिमाही तथा वर्ष के लिए कंपनी के एकल वित्तीय परिणाम कंपनी की वेबसाइट (www.dlf.in) पर उपलब्ध हैं।

प्रमुख एकल वित्तीय सूचना निम्न प्रकार है:

(₹ करोड़ में)

विवरण	समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष	
	31 मार्च, 2018 (अंकेक्षित) (संदर्भ नोट 1)	31 दिसम्बर, 2017 (समीक्षित)	31 मार्च, 2017 (अंकेक्षित)	31 मार्च, 2018 (अंकेक्षित)	31 मार्च, 2017 (अंकेक्षित)
प्रचालनों से लाभ	1,360.44	829.05	1,418.97	3,803.79	4,405.30
लाभ/(हानि) कर पूर्व	448.15	(113.06)	374.53	545.45	880.44
शुद्ध लाभ/(हानि)	300.21	(58.77)	233.80	365.20	596.55
अन्य व्यापक (हानि)/आय	(1.59)	5.30	(7.13)	10.04	(10.75)
कुल व्यापक आय/(हानि)	298.62	(53.47)	226.67	375.24	585.80

4. निम्नलिखित असाधारण मद (शुद्ध) दर्ज किए गए हैं–

(₹ करोड़ में)

विवरण	समाप्त तिमाही		समाप्त वर्ष
	31 मार्च, 2018	31 दिसम्बर, 2017	31 मार्च, 2018
डीसीसीडीएल समूह को समझा जाने वाले निपटान पर लाभ (नोट 11 देखें)	-	9,927.13	9,927.13
कुछ निवेशों पर उचित मूल्यांकन लाभ	32.49	414.66	447.15
विलय के अनुसार विदेशी मुद्रा प्रतिपादन का परिवर्तन	240.71	-	240.71
असाधारण लाभ (ए)	273.20	10,341.79	10,614.99
व्यापार की योजनाओं में संशोधन के अनुसार कुछ संपत्ति, संयंत्र और उपकरण तथा निवेश संपत्तियों की हानि	9.73	489.00	498.73
कुछ सूचीओं के मूल्यांकन में गिरावट के लिए प्रावधान (i) बाजार परिस्थितियां/स्थगित परियोजनाएं (ii) कानूनी निर्णय	66.94	823.45	890.39
संबंधित ग्राहकों/अन्य पार्टियों के साथ वसूली में चल रहे विवाद और अनुमानित घाटे के अनुसार कुछ व्यापार और अन्य प्राप्तियों की हानि	0.53	660.00	660.53
असाधारण हानि (बी)	77.20	1,772.45	1,849.65
शुद्ध असाधारण लाभ (ए–बी)	196.00	8,569.34	8,765.34

(उपरोक्त सेबी (सूचीयन एवं अन्य प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों में प्रस्तुत त्रैमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइटों (www.bseindia.com/www.nseindia.com) तथा कंपनी की वेबसाइट www.dlf.in पर उपलब्ध हैं)।

निदेशक मंडल के लिए तथा की ओर से

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 21 मई, 2018

मोहित गुजराल
सीईओ एवं पूर्णकालिक निदेशक

राजीव तलवार
सीईओ एवं पूर्णकालिक निदेशक

डी एल एफ लिमिटेड,
पंजीकृत कार्यालय: शॉपिंग मॉल, तीसरी मंजिल, अर्जुन मार्ग, डी एल एफ सिटी फेज-1, गुरुग्राम - 122 002 (हरियाणा)
CIN: L70101HR1963PLC002484
फोन: +91-124-4769000, फैक्स: +91-124-4769250, ई-मेल: investor-relations@dlf.in